हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



# शहर में जीतू, ग्रामीण में विपिन को कमान, केसीजी में कोमल, वनांचल में अध्यक्ष रिपीट

## कांग्रेस आलाकमान ने जारी की अध्यक्षों की सूची, जातिगत और संगठन में काम देखकर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश के सभी जिले एवं शहर कांग्रेस के नए अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में जातिगत कार्ड के साथ ही नेताओं की परफार्मेंस को फोकस कर नए कप्तान चुने गए हैं, जहां शहर कांग्रेस के लिए जीतू मुदलियार का चयन हुआ है। वहीं नांदगांव ग्रामीण की कमान विपिन यादव को दी गई है। ऐसे ही खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में ओबीसी चेहरा कोमल दास साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर-चौकी में वर्तमान अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर को ही रिपीट कर दिया गया है।

### दूसरी बार अध्यक्ष बने जीतू और सुरजीत सिंह ठाकुर


जीतु मुदलियार


सुरजीत ठाकुर

अध्यक्षों की जारी सूची के तहत राजनांदगांव शहर कांग्रेस की कमान जीतू मुदलियार को सौंपी गई है। जीतू मुदलियार इससे पहले भी 2018 तक शहर कांग्रेस अध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। ऐसे में उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मोहला मानपुर चौकी जिले में भी पिछले तीन सालों से अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर को रिपीट कर दिया गया है।

### ब्लॉक से अब जिला संभालेंगे साहू

केसीजी जिले के नए अध्यक्ष बनाए गए कोमल दास साहू अब तक मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। इसके अलावा वे पहले खैरागढ़ ब्लॉक के सरपंच संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहने का फल उन्हें अब अध्यक्ष के रूप में मिला है। वहीं सुरजीत सिंह ठाकुर भी लंबे समय से वनांचल क्षेत्र में कांग्रेस के लिए काम कर रहे है। यही देखकर उन्हें तीन साल पहले अध्यक्ष बनाया गया था, उनके कार्यकाल में कांग्रेस को चुनावों में मिले परिणाम और संगठन की मजबूत स्थिति को देखते हुए ही उन्हें रिपीट किया गया है।


विपिन यादव


कोमल साहू

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने इस बार अपने जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर नया फार्मूला अपनाया था। जिसके तहत पर्यवेक्षक बनाकर इच्छुक नेताओं से अध्यक्ष पद को लेकर आवेदन लिए गए। वहीं जमीनी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से हर नाम को लेकर रायशुमारी की गई। अविभाजित राजनांदगांव के तीनों ही जिलों के पर्यवेक्षक बनाए गए चरण सिंह सपरा ने सप्ताहभर के अपने दौरे के दौरान हर विधानसभा में जाकर बैठक भी की। इस दौरान जिन दावेदारों के नाम सर्वाधिक लोगों द्वारा लिए गए, उन तीन नामों का पैनल तैयार कर राष्ट्रीय संगठन को भेजा गया था, जहां राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने मंथन के बाद सूची फाइनल कर जारी की है।

# एसआईआरः नहीं मिल रहे सैकड़ों वोटर कई मतदाताओं के नाम दर्जनभर बूथ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। इसके लिए एसआईआर फार्म भरवाये जा रहा है, लेकिन शहर के कई वार्डों में सैकड़ों मतदाता ही नहीं मिल रहे हैं। वहीं फॉर्म भरकर बीएलओ तक पहुंचने वाले ऐसे कई मतदाता हैं। जिनका नाम एक से अधिक लगभग आधा दर्जन बूथ में जुड़ा हुआ है।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किए जाने से इसमें कई मामलों का खुलासा हो रहा है। जिसमें एक मतदाता का कई जगह नाम होना, नाम होने के बाद भी कई मतदाताओं को नहीं मिलना, 2003 की सूची में अन्य जगहों पर नाम जुड़ा होना सहित कई समस्याएं सामने आ रही है। शहर के ही चंद वार्डों में सैकड़ों मतदाता गायब हैं। ऐसे में जिलेभर में क्या स्थिति होगी, यह विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संपन्न होने के बाद ही सामने आएगा, लेकिन जो प्रारंभिक रूप से दिखाई दे रहा है, उसमें वार्डों में मतदाताओं का नहीं मिलना एक बड़ा मामला है। इनमें कई ऐसी महिला मतदाता भी हैं। जिनका विवाह हो चुका है, लेकिन उन्होंने अपने मायके की मतदाता सूची से अपना नाम नहीं कटाया है और ससुराल में भी नाम जुड़ा लिया है।



### एक मतदाता का दो एसआईआर फॉर्म!

एसआईआर फॉर्म भरने के दौरान मतदाता सूची को लेकर कई गड़बड़ियां भी सामने आ रही है। कुछ मतदाता ऐसे भी हैं। जिनका दो-तीन वार्ड में नाम जुड़ा हुआ है और दोनों तीनों जगह पर उनका एसआईआर फार्म जारी हो गया है। हालांकि कई मतदाताओं को पता भी नहीं है कि उनका नाम एक से अधिक वार्डों में है। मतदाता अब एसआईआर के लिए एक वार्ड से ही अपना नाम भर रहे हैं।

### फार्म लेने नहीं आ रहा है मतदाता

शहर के तुलसीपुर वार्ड में ही लगभग 160 ऐसे मतदाता हैं। जिनके नाम पर एसआईआर फार्म जारी हुआ है, लेकिन वार्ड में यह मतदाता ही नहीं मिल रहे हैं। यहां की बीएलओ ने बताया कि अधिकांश मतदाता अन्य जगहों में रह रहे हैं। वहीं कुछ मतदाता का कोई अता-पता नहीं है। वहीं अन्य जगहों पर रह रहे कुछ मतदाताओं से फोन पर संपर्क करने के बाद भी वह अपना एसआईआर फॉर्म लेने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ फॉर्म ऐसे भी हैं। जिनका नाम एक से अधिक जगहों पर जुड़ा हुआ है।

### बिन काटे जुड़ गया नाम

शहर में ही कई मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने एक वार्ड से दूसरे वार्ड में अपना मकान बदला है। इन मतदाताओं का नाम पुराने वार्ड की सूची में भी दर्ज है और उन्होंने नई जगह पहुंचकर भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लिया है। ऐसे मतदाताओं का नाम ही दो-तीन वार्डों में आ रहा है। जबकि एक वार्ड से नाम काटने के बाद ही दूसरे वार्ड में जोड़ा जाता है, लेकिन इन मतदाताओं का नाम बिना कटे ही दूसरे वार्डों में जुड़ गया है।

### सूची में नहीं मिल रहा नाम

शहर के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पर 2003 की सूची में मतदाताओं के नाम नहीं है। जबकि ऐसे मतदाता वर्षों से एक ही स्थान पर निवासरत है। शहर के गौरीनगर वार्ड में कई मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है। जबकि उन्होंने अब तक इसी वार्ड से मतदान किया है।

# अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई, दर्जनभर आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर 12 असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की है। दो आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत सूचना के आधार पर आरोपी दिपेन्द्र उर्फ मशान गोड तथा गोली उर्फ विक्की बांसफोड को पृथक-पृथक स्थानों से हाथ में धारदार चाकू रखकर लोगों को भयभीत करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।




### हो-हुल्लड करते पकड़ाए

वहीं बस स्टैंड के पास हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक आकाश देवांगन, राजेन्द्र पात्रे, अब्दुल जुबैर, टिकेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण साहू एवं सोहेल सिंह के विरुद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार किया गया।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन

पुलिस के अनुसार मोहारा बायपास रोड में आम जनता को शराब पीने-पिलाने की सुविधा मुहैया कराने वाले आरोपी लेखराम साहू, मोहसीन खान, राजेन्द्र साहू तथा पिंटू सोनकर के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया एवं शेष आरोपियों एवं अनावेदक को न्यायालय के समक्ष पेश किया। आर्म्स एक्ट के आरोपीगणों का जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जेल दाखिल किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## खबर संक्षेप

### सरपंच ने किया मितानिनों का सम्मान



**जेवरतला रोड।** ग्राम मुजगहन में मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच नीरा चुरामन हिरवानी एवं समस्त पंचों ने मितानिन पुष्पा साहू, पूर्णिमा साहू, योगिता साहू, सेवती ठाकुर को श्रीफल और साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच नीरा हिरवानी ने मितानिन बहनों द्वारा गाँव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर किए गए सेवा कार्य की सराहना की। इस दौरान रुखमणी सिन्हा, नेहा ठाकुर, मीना यादव, फूलबती साहू, केकती भुआर्य, आशा खोब्रागढ़े, मानबाई राना, बिहारी साहू, गजेन्द्र कोमा, गंगाराम साहू, चुरामन हिरवानी, लक्ष्मी बघेल, भागीरथी साहू, लच्छू ठाकुर, यादराम सिन्हा, लीलाराम कोमा, थानू कोमा आदि उपस्थित थे।

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**खड़गांव।** तिरंगा चौक के आगे कार्तिक यादव की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिवारिक सदस्यों ने बताया कि गत 28 नवंबर को कार्तिक यादव सुबह से दिखाई नहीं दे रहा था। दोपहर को खोजबीन करने से पता चला कि घर के समीप कुएं में कार्तिक यादव गिर गया और उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्तिक यादव के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए मोहला भेजा। कार्तिक कुएं में कैसे गिरा इसका खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों के अनुसार उसे दिखाई कम देता था जिसके कारण कुएं में गिर सकता है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार 29 नवंबर को किया गया।

### कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में राज्य स्तरीय खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कराटे खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते उनकी मांग पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि मुंगेली स्थित श्यामप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे का आयोजन किया गया था जिसमें जिले से सावित्री ध्रुवे, अरुना जाड़े, चांदनी सोरी, ममता नरेटी, गौरी हारमें ने हिस्सा लिया था। जिले की बेटियों ने पांच पदक जीत कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

### जबरटोला में 58 क्विंटल संदिग्ध धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार प्रशासनिक टीम ने जबरटोला में कार्रवाई करते हुए 58 क्विंटल संदिग्ध धान जप्त किया है। तहसीलदार शुभांगी गुप्ता सहित राजस्व एवं पुलिस अमला ने जांच के दौरान दो पिकअप वाहनों में कुल 58 क्विंटल धान पाया गया। जिसमें से केवल 48 क्विंटल धान का ही अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत किया गया। वाहन चालक, वाहन प्रभारी एवं क्रयकर्ता से पूछताछ में अनुज्ञा पत्र की शर्तों तथा धान परिवहन के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया और अनुज्ञा की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। प्राथमिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि वाहन पखांजुर से आ रहा था, लेकिन धान कहां ले जाया जा रहा था, यह स्पष्ट नहीं किया जा सका। प्रशासनिक टीम ने 58 क्विंटल धान तथा दोनों वाहनों को जप्त कर थाने के सुपुर्द किया है।

### स्काऊट-गाइड शिविर का समापन आज



**साल्हेवारा।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ की जिला इकाई ने जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सचिव कृष्णकुमार वर्मा, संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा, गिरेंद्र सुधाकर के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का आयोजन हाईस्कूल ठाकुरटोला में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमींदार लाल रोहितसिंह पुलस्त्य थे। जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच चंद्रकुमार वर्मा, नरेश धुर्वे, किसन जंघेल, रामपाल यादव की उपस्थिति में शिविर प्रारंभ हुआ। प्रारंभ में लॉर्ड वेडेन पावेल याद करते हुए ध्वजारोहण किया गया। शिविर में स्काउट 65 और गाइड 60 शामिल हुए। कार्यक्रम में पोर्णिमा नेताम, शकुनतला ठाकुर, ललिता कोसारे, कुशालसिंह धुर्वे, मिथलेश पटेल, अश्वनी धुर्वे, अमरदास चेलक, श्यामकली महोबिया, राजूदास मानिकपुरी, रामभरोसा मेरावी, प्यारेलाल फूलमाली, संजीव धुर्वे, शिवराम सिंह पुलस्त्य, पन्नालाल जंघेल, रेखलाल मरकाम, अजय श्रीवास्तव, संजय नेताम, मोनू खान, सुरेश भंडारी, दयाल जंघेल आदि शामिल हुए। यह शिविर कल 30 नवंबर तक चलेगा।

### संविधान पर स्पर्धाओं का आयोजन



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन के निर्देशन संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में अनिल प्रथम, आरती साहू द्वितीय एवं कविता तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार रंगोली में संजना प्रथम, झरना साहू द्वितीय एवं गीता वर्मा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कविता प्रथम, आरती द्वितीय एवं गीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन पूजा देवांगन एवं आभार व्यक्त रितेश बंजारे ने किया। इस मौके पर मासूम वर्मा, रविप्रकाश चतुर्वेदी, वासु दुबे, शिवम वैष्णव, अश्विन गौतम, अंजली रामटेक्कर, डॉ साधना देवांगन, डॉ नवीन सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेसजन करें मतदाताओं की मदद

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने मतदाता गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में जोड़ घटाव मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे जनता के मताधिकार पर सीधा असर पड़ सकता है। विष्णु लोधी ने कहा कि लोगों के नाम अकारण हटाए जा रहे हैं। महिलाओं और युवाओं से अनावश्यक दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। बीएलओ राजनीतिक दबाव में काम करने मजबूर है। कुछ क्षेत्रों में एक ही राजनीतिक समूह के नाम जोड़े जा रहे हैं जिसे लोकतंत्र के लिए उन्होंने खतरनाक संकेत बताया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच, महिलाओं और युवाओं की मदद करने और गड़बड़ी की तुरंत शिकायत दर्ज कराने का आव्हान किया है।

### कमीशनखोरी का आरोप

**डोंगरगढ़।** निर्माण कार्य स्वीकृत करने के नाम पर जनपद पंचायत में कमीशनखोरी की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए 15 प्रतिशत तक कमीशन की मांग की जा रही है। शासन से जरूरत के अनुरूप राशि नही मिलने से सरपंच नाराज हैं। कमीशनखोरी की शिकायतें लगातार सामने आने के बाद भी जांच नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार जनपद के अधिकारी, कर्मचारी और इंजीनियर न तो मुख्यालय में रहते है न ही कार्यालय अवधि में मौजूद रहते है।

---

### संस्था प्रमुखों को परिणाम में सुधार के निर्देश

# कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों का अफसरों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेंद्र यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के संयुक्त निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 27 नवंबर को जिले के सभी अधिकारियों की टीम तथा विकासखंड के अधिकारियों की टीम द्वारा विकासखंड के कमजोर परिणाम वाले हायर सेकंडरी स्कूलों का अवलोकन किया गया। ज्ञात हो कि राज्य स्तर पर जिले द्वारा संचालित की जा रही ऑनलाइन कोचिंग एवं ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न बैंक की काफी सराहना की गई है।

जिले के सभी सहायक कार्यक्रम समन्वयक एवं एडीपीओ द्वारा शाला का अवलोकन किया गया। जिसमें रोहित सिन्हा, पीआर झाडे व केपी विश्वकर्मा द्वारा बखरूटोला एवं बेंदाडी हायर सेकंडरी स्कूलों का अवलोकन कर शिक्षकों से चर्चा की गई। एमआर अंसारी, मनोज मरकाम एवं आदर्श वासनिक द्वारा अर्जुनी हायर सेकंडरी स्कूल मनेरी, कोकपुर तथा कुतुलबोड भाटागांव स्कूल का अवलोकन किया गया।

इसी क्रम में प्रणीता शर्मा, नेहा साहू एवं कामिनी साहू द्वारा चांदो एवं गिदरी स्कूल का अवलोकन किया गया, जहां शिक्षकों से चर्चा एवं बच्चों से चर्चा कर समय सारिणी बनाकर एवं लिख-लिखकर नोटस बनाकर तैयारी करने की बातें कही।

### शैक्षणिक गवितिधियों की समीक्षा



**साल्हेवारा।** जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने सेजेस में पीएम जनमन अंतर्गत जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बालमेला में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। बैठक में उपस्थित प्रधानपाठकों से जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम पंजी का संधारण, यू डाइस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, स्टूडेंट प्रोफाइल, शिक्षक प्रोफाइल, अपार आईडी, एकल शिक्षकीय स्कूल, छात्रवृत्ति तथा बायोमेट्रिक अपडेशन शिविर की जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा, पांचवीं और आठवीं के केन्द्रीयकृत परीक्षा तथा मध्यान्ह भोजन योजना पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने एफएनएन कक्षाओं में विशेष ध्यान देने, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला गेरूखदान का उन्नयन पूर्व माध्यमिक शाला में करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शालाओं में रिक्त प्रधान पाठकों के पद पदोन्नति से भरे जाएंगे। बैठक में सेजेस प्राचार्य विनित दास, बहादुरसिंह खुशरो, आत्माराम साहू, हीरांकत द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस ने अपने ही काम पर उठाया सवाल

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरोप को किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कांग्रेस शासनकाल में 2021 में जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायत लाल बहादुर नगर में लाखों की लागत से उद्यानिकी का निर्माण किया गया था।

अब कांग्रेस ने इस मामले को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि को आडे हाथ लेते हुए आरोप लगाया है कि गौठान निर्माण के बाद भी उद्यानिकी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि उद्यानिकी के फेंसिंग तार को उखाड कर 1400 फलदार वृक्षों को नष्ट कर दिया गया है। इस मामले की शिकायत नगर के राकेश सिन्हा ने कलेक्टर से की है। जानकारी के अनुसार पूर्व में यहां मुख्यमंत्री वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत लगभग 11 लाख खर्च किया गया था। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि राशि का दुरूपयोग करते हुए फेंसिंग तार लगा कर कागजों पर ही निर्माण करा दिया गया था। पौधों का रोपण भी कागजों पर ही पूरा कर दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने बताया कि गांव के पशुओं को एकत्रित करने के लिए जगह की कमी थी। गांववासियों की मंशा और जनप्रतिनिधियों की सलाह से फेंसिंग तार हटा कर जानवरों को इकटठा किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस के आरोप को निराधार बताया है।

### विधायक ने किया भूमिपूजन व मितानिनों का सम्मान



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत महरूम खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं मितानिनों का सम्मान किया। उन्होंने सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन या अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने सभी कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरे करने कहा। इस मौके पर जिपं सदस्य अंगेश्वर देशमुख, देवशरण वर्मा, खेमचंद यादव, अजीत महिपाल, डोमार वर्मा, रोहित कुमार वर्मा, मदन नवरंगे, रीना वर्मा, भुनेश्वरी पाल, सरिता सेन, धनेश्वरी निषाद, दिलबाई वर्मा, धरम दास वर्मा, जोइधा वर्मा, कुंजलाल वर्मा, मितानिन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# मक्काटोला सरपंच को राशि लौटाने के निर्देश



**डोंगरगढ़।** जनपद सीईओ ने ग्राम मक्काटोला की सरपंच को मुरूमीकरण के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग स्वीकृत स्थल पर करने या राशि वापस करने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि विधायक निधि से मुरमीकरण के लिए एक लाख की स्वीकृति मिली थी। सरपंच ने मक्काटोला के स्थान पर हीरापुर में मुरमीकरण करा दिया है। मामले की शिकायत होने के कारण इस लापरवाही के लिए कार्य एजेंसी को जिम्मेदार ठहराते हुए निर्देशित किया गया है कि अग्रिम राशि को अन्य कार्य पर व्यय न किया जाए। उपयुक्त स्थान पर मुरुमीकरण करें या राशि लौटा दे। जनपद सीईओ भगवती साहू द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि मुरमीकरण कार्य खपरीखार धरसा किया गया।

# जनजातियों के इतिहास पर कार्यशाला

- भगवान बिरसामुंडा के संघर्ष को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. मनोहर बोकडे तथा सह संयोजक अरुण कुमार साहू थे। प्रमुख वक्ता सहायक प्राध्यापक गणेश कुमार नेताम थे। विशिष्ट अतिथि ग्रंथपाल गौतम नेताम उपस्थित रहे। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान को भारत की समृद्ध संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान, जल, जंगल, जमीन की रक्षा तथा संस्कृति के संरक्षण हेतु दिए गए बलिदानों की जानकारी साझा की। विशिष्ट अतिथि गौतम कुमार नेताम ने बताया कि जनजातीय समाज प्रकृति के अत्यंत निकट रहा है। उन्होंने जंगल, नदी, पर्वत एवं पहाड़ों के प्रति आदिवासी समाज की आस्था, पारंपरिक रीति रिवाज, सामाजिक व्यवस्था एवं सामूहिक निर्णय प्रणाली पर प्रकाश डाला। डॉ. कविता यदु ने धरती आबा बिरसा मुंडा के संघर्ष पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में प्रो बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड़, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, नम्रता परीक्षा, राजेश चक्रधारी, राहुल यादव, कामिनी, ज्योति, प्रीति, गौतम राव सहित अन्य शामिल हुए।

---

# जिला महामंत्री बनी नीलिमा



**सोमनी।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल जिला युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारियां दी गई है। संगठन ने शिवम यादव को जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष और ग्राम सोमनी की सरपंच नीलिमा साहू को जिला महामंत्री के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर युवा मोर्च प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश यादव से सौजन्य भेट कर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आभार व्यक्त किया। युवाओं ने संगठन को मजबूत बनाने और मजदूर वर्ग के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

अध्यक्ष शिवम यादव ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता को न्याय दिलाना और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। महामंत्री व सोमनी सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि वह महिला एवं युवा वर्ग को संगठन से जोड़ने, मजदूर हितों की रक्षा करने और जिला स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने प्रतिबद्ध है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते आशा व्यक्त की कि इनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्डों में शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाना है। जिसके अंतर्गत गणना पत्रक वितरण, मतदाओं से गणना पत्रक प्राप्त करना एवं बीएलओ एप में डिजीटाइज करने कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यक्रम के तहत गणना पत्रक सभी घरों में वितरण किया जा रहा है। मतदाताओं से गणना पत्रक को भरवाकर वापस भी लिया जाएगा। गणना पुनरीक्षण कार्य 2003 के विधानसभा की मतदाता सूची अनुसार किया जा रहा है। मतदाताओं की सुविधा के लिए वार्डों में शिविर भी लगाई जा रही है। ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, वे अपने बीएलओ से या शिविर में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### दी जाएगी आवश्यक जानकारी

सभी मतदान केन्द्रों के लिए वार्डवार शिविर लगाई गई है। जिसमें वार्ड नं. 1 के लिए लोधी भवन नवागांव, वार्ड नं. 2, 3 व 8 के लिए मोतीपुर सामुदायिक भवन, वार्ड नं. 4 के लिए शा.मा.शाला पुराना ढाबा, वार्ड नं. 5, 6 व 10 के लिए शा.मा.शाला चिखली, वार्ड नं. 7 व 9 के लिए प्रा.शाला स्कूल शंकरपुर, वार्ड नं. 11, 12 व 13 के लिए पूर्व मा.शाला गौरीनगर, वार्ड नं. 14 व 15 के लिए स्टेटस्कूल, वार्ड नं. 16 व 17 के लिए ठा.प्यारेलाल स्कूल, वार्ड नं. 18 व 19 के लिए देवानंद जैन स्कूल, वार्ड नं. 20 के लिए प्रा.शाला पेंड्री, वार्ड नं. 21 के लिए पूर्व माध्यमिक शाला रेवाडीह, वार्ड नं. 22 के लिए गुरूनानक स्कूल, वार्ड नं. 23 के लिए रॉयल किड्स स्कूल, वार्ड नं. 24 व 25 के लिए सर्वेश्वदास स्कूल, वार्ड नं. 26 के लिए प्रा.शाला भरकापारा, वार्ड नं. 27, 29 व 30 के लिए प्रा.शाला टांकापारा, वार्ड नं. 28 के लिए प्रा.शाला लखोली नाका, वार्ड नं. 31, 32, 33, 35 व 36 के लिए पूर्व मा. शाला लखोली, वार्ड नं. 34 के लिए शा.उ.मा. शाला कन्हारपुरी में शिविर लगाया गया है। इसी तरह वार्ड नं. 37 के लिए पूर्व मा.शाला सदर बाजार, वार्ड नं. 38 के लिए दिग्विजय कॉलेज, वार्ड नं. 39 के लिए प्राथमिक शाला गंजपारा, वार्ड नं 40 व 48 के लिए प्रा.शाला नंदई, वार्ड नं. 41 के लिए बालक प्रा.शाला चौखडियापारा, वार्ड नं. 42 व 43 के लिए शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, वार्ड नं. 44 व 45 के लिए कमला कॉलेज, वार्ड नं. 46 के लिए बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, वार्ड नं. 47 के लिए प्रा. शाला मोहारा, वार्ड नं. 49 व 50 के लिए शा.प्रा.शाला सिंगदई एवं वार्ड नं. 51 के लिए शा.उ.मा.शाला हल्दी में शिविर लगाया गया है। शिविर में 2003 की मतदाता सूची निरीक्षण के अलावा गणना पत्रक वितरण व एकत्रीकरण किया जाएगा। शिविर के अलावा घर-घर जाकर पत्रक वितरण व एकत्रीकरण किया जाएगा।

---

### ढाबा में स्वयं सेवकों ने किये रचनात्मक कार्य

# सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई की एनएसएस इकाई द्वारा ढाबा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। गत 21 से 27 नवंबर तक आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने ग्राम के विकास और जन-जागरूकता के उल्लेखनीय कार्य किए। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत वर्मा, विशिष्ट अतिथि विनोद नामदेव थे। अध्यक्षता प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा ने की।

### जागरूकता और सामुदायिक सेवा पर जोर

सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने नशा-मुक्त भारत अभियान को अपना मुख्य ध्येय बनाते हुए नारों, स्लोगनों, नुक्कड़ नाटकों और रैलियों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने हैंड वॉश डेमो, पेयजल स्रोतों की सफाई, नालियों की सफाई, गौठानों में स्वच्छता अभियान तथा ग्राम पंचायत भवन और गोंडवाना भवन की लिपाई जैसे कार्यों को अंजाम दिया। शिविर ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास को भी नई दिशा दी। इस दौरान उन्होंने नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, कम संसाधनों में बेहतर कार्य करने की क्षमता, अनुशासन, और मंच संचालन जैसे गुणों को आत्मसात किया। उन्होंने स्टेज फियर को दूर करने का अभ्यास किया।

### प्रमाण पत्र का वितरण

ग्राम की ओर से टिकेंद्र धुर्वे ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए प्रभावी संबोधन दिया। पूर्व सरपंच बोधराज देवांगन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप अमिला ने आभार प्रदर्शन किया। शिविर का संचालन प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप अमिला के नेतृत्व में हुआ। शिविर के सफल आयोजन में डॉ दिलेश्वरी साहू, अल्का ठाकुर और राजेन्द्र तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

# एसआईआर प्रक्रिया में रूचि नहीं दिखा रहे वोटर

**डोंगरगढ़।** एसआईआर को लेकर मतदाताओं में रूचि दिखाई नहीं दे रही है हालांकि आंगनबाडी कार्यकर्ता मतदाताओं से संपर्क कर गणना पत्रक भरकर जमा करने प्रेरित कर रही है। वहीं भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता भी मतदातओं को जागरूक करने जुटे हैं इसके बाद भी लोग इसमें अपेक्षित रूचि नहीं दिखा रहे हैं। इस प्रक्रिया में सर्वाधिक दिकक्तें उन महिलाओं को हो रही है जिनका ब्याह 2003 के बाद हुआ है। यह महिलाएं अपने परिजनों के नाम 2003 की मतदाता सूची में ढूंढने में असमर्थ नजर आ रही है। शहर के मतदाता अपने आधार कार्ड में दर्ज नाम, सरनेम के मतदाता सूची के साथ मैच नहीं होने से परेशान है। आधार कार्ड में गड़बड़ी के शिकार मतदाताओं की सख्या काफी बड़ी है जिसे लेकर गाईड लाईन जारी नहीं होने के कारण लोग नगर पालिका, तहसील कार्यालय एवं सर्विस केन्द्र के

### कर्मचारी संघ के कार्यक्रम का शुभारंभ 7 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एकता अभियान साथी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 7 दिसंबर को रायपुर प्रांतीय कार्यालय में प्रारंभ होगा। इस मौके पर आयोजित बैठक में सात सूत्री मांगों पर चर्चा कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डोंगरगढ़ से कार्यक्रम का डेमो शुभारंभ किया जा रहा है। इस डेमो बैठक में संघ के सदस्यों सम्मान, सदस्यता अभियान, एकता कार्यक्रम की जिम्मेदारी तथा सात सूत्री मांगों पर जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों के लिए दिसंबर में नौ जगह निःशुल्क शिविर

**खैरागढ़।** श्रम विभाग द्वारा छग भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल और छग असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के माध्यम से श्रमिक कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने जिले में दिसंबर माह में भी निशुल्क मोबाइल कैंप शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में निर्माण कार्य, अन्य स्थापनाओं पर कार्यरत श्रमिक अपने पंजीयन, नवीनीकरण व योजना आवेदन की प्रक्रिया निशुल्क करा सकेंगे। विभाग ने श्रमिकों से अपील की है कि वे शिविर में आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, जैसे अपना व परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, राशन कार्ड तथा मोबाइल ओटीपी के लिए मोबाइल सहित उपस्थित हों। दिसंबर माह में जिले के दोनों विकासखंड खैरागढ़ में 4 दिसंबर को ग्रापं गातापार कला, 11 दिसंबर को घोंघेडबरी, 19 दिसंबर को देवरी और 26 दिसंबर को प्रकाशपुर में शिविर लगेंगा। इसी प्रकार विकासखंड छुईखदान में 2 दिसंबर को जगमड़वा, 09 दिसंबर को झूरानदी, 16 दिसंबर को पैलीमेटा, 23 दिसंबर को जीराटोला और 30 दिसंबर को जंगलपुर में श्रमिकों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा।

### दुल्लापुर में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम

**खैरागढ़।** महामहिम के गोद ग्राम सोनपुरी आश्रित ग्राम दुल्लापुर में समाज कल्याण विभाग ने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने शिविर आयोजित किया। विभागीय टीम ने शिविर लगाकर पेंशन हितग्राहियों का चिन्हांकन, दिव्यांगजनों की पहचान और पात्र लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया। वरिष्ठ नागरिकों व पेंशन हितग्राहियों को सम्मानपूर्वक श्रीफल और शॉल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। जरूरतमंद दिव्यांगजनों को स्टिक व वॉकर वितरित कर सहायता दी। कार्यक्रम दौरान नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, सचिव, सहायक संचालक समाज कल्याण तथा विभागीय कर्मचारियों ने भी नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## बढ़ती ठंड को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

# शीतलहर से बचने गर्म कपड़े पहने बच्चों व गर्भवती महिलाएं रहे सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में बढ़ती ठंड और शीतलहर की स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आमजन की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया हैं।



विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, यात्रा को यथा संभव स्थगित करें। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ो का नियमित उपयोग करे। शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन करते रहे। किसी भी व्यक्ति में लगातार ठिठुरन, सुन्नता या उंगलियों के सफेद पड़ने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने और बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को इस मौसम में विशेष सतर्कता बरतने कहा गया है।

**बंद कमरों में आग सेंकने पर चेतावनी**

विभाग ने बंद कमरे में कोयला या अंगीठी जलाने को खतरनाक बताते हुए कहा कि इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बंद स्थान में जमा होकर जानलेवा स्थिति पैदा कर सकती है इसलिए आग जलाते समय कमरे में उचित वेंटिलेशन बनाए रखना जरूरी है। किसी भी बंद स्थान पर कोयला जलाने से बचना है। शरीर के तापमान को अचानक कम हो जाने जिसे हाइपोथर्मिया कहा जाता है, गंभीर चिकित्सा स्थिति है। इसमें व्यक्ति को कंपकंपी, बोलने में कठिनाई, त्वचा का पीलापन, सांसों की धीमी गति, मांसपेशियों में जकडऩ और गंभीर होने पर बेहोशी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाना, कंबल से ढकना और चिकित्सकीय उपचार दिलाना अत्यंत आवश्यक है।

### जागरूकता अभियान तेज

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा जिलेभर में शीतलहर से बचाव के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सक, खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और मितानिनें लगातार घर-घर जाकर लोगों को जानकारी दे रहे हैं। टीमें नागरिकों को ठंड से बचने के उपाय, हाइपोथर्मिया के लक्षण, प्राथमिक उपचार, बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल तथा सुरक्षित हीटिंग तरीकों के बारे में विस्तृत रूप से समझा रही हैं। मितानिनों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से रात के समय तापमान गिरने के दौरान सावधानी बरतने पर जोर दिया जा रहा है। मौसम के अनुरूप वस्त्र पहनने, स्वयं को ठंड से सुरक्षित रखने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल से संपर्क करने की अपील करते हुए सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं।

# समाजवाद की स्थापना तक जारी रहेगा संघर्ष: विप्लव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ के बैनर तले ओबीसी को समानता का अधिकार दिलाने कवर्धा में विशाल धरना-प्रदर्शन और कलेक्टोरेट तक पथ संचलन आयोजित किया गया जहॉ ओबीसी महासभा के संभाग अध्यक्ष विप्लव साहू ने संदेश दिया कि जब तक ओबीसी को सेवा क्षेत्र में बड़ी भागीदारी राष्ट्रीयकरण के माध्यम से समाजवाद की स्थापना नहीं हो जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

विप्लव साहू ने सभा मे कहा कि देश की आधी से अधिक आबादी पिछड़े वर्ग की है लेकिन सत्ता और संसाधनों में उसका हिस्सा नगण्य है। संविधान में प्रदत्त आरक्षण का पूरा लाभ ओबीसी को नहीं मिल रहा, निजीकरण और ठेका प्रथा ने आरक्षण को लगभग खत्म कर दिया है। श्री साहू ने स्पष्ट कहा कि यदि केंद्र व राज्य सरकार ओबीसी के हक की रक्षा नहीं करती तो जनांदोलन को और तेज करना पड़ेगा। आदिवासी महापुरुष बिरसा मुंडा को याद करते हुए विप्लव साहू ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन और स्वाभिमान की



लड़ाई लड़ी और आज भी मूलनिवासी समाज उसी संघर्ष को आगे बढ़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का सपना तभी पूरा होगा जब देश में संसाधनों का समान वितरण और समाजवादी व्यवस्था कायम होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ के प्रांतीय संयोजक अमरजीत पटेल ने की वही शगुन वर्मा रायपुर, पूर्व जिपं अध्यक्ष सीमा अगम अनंत, महासभा के प्रदेश सचिव घनश्याम साहू, डॉ नरेश यदु, अनंत दास, जोन्स थॉमस, डॉ जे अजीत, आर बंजारे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन बाद विशाल पथ संचलन कर राज्यपाल, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी पूरे जोश के साथ जब तक समाजवाद नहीं, तब तक चैन कहा और बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे लगाते दिखे।

# कांचरी में संगीत विवि के रासेयो शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के ग्राम पं कांचरी में इंदिरा कला संगीत विविद्यालय रासेयो इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो डॉ राजन यादव ने किया। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के संरक्षण में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ करते हुए प्रो डॉ राजन यादव ने बताया कि रासेयो की स्थापना 24 सितंबर 1969 को भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान की गई थी। यह एक स्वैच्छिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं को सामुदायिक सेवा के माध्यम से ग्रामीण परिवेश से अवगत कराकर उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास कराना है। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो नमन दत्त, सहायक प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ हरिओम हरि, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिवाकर कश्यप, संगतकार डॉ नत्थू तोड़े सहित सरपंच व पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बच्चों को दी योग व संगीत शिक्षा की जानकारी

शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभातफेरी बाद सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की गई। शिविर स्थल मे स्कूली बच्चों को योग और संगीत की शिक्षा दी गई वही बौद्धिक सत्र मे विषय विशेषज्ञ के रुप में अधिष्ठाता प्रो नमन दत्त व कंप्यूटर केंद्र प्रभारी डॉ. प्रबोध गुप्ता ने बच्चों सहित ग्रामीणों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

# शताक्षी सिंह ने किया बाल क्रीड़ा स्पर्धा प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम जुनवानी में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण बाद फहराकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने कहा कि शिक्षा की तरह खेल भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक विकास का भी आधार है। मैदान में सीखे गए अनुशासन, टीमवर्क और धैर्य जीवन के हर क्षेत्र में काम आता हैं। उन्होने खेल को खेल भावना के साथ खेलने और हार जीत को छोडक़र बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने कहा। आयोजन समिति, शिक्षकगण, पंचगण, ग्राम सरपंच और ग्रामीणों को आयोजन के लिए बधाई दी। ध्वजारोहण साथ ही चारों जोन से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कदमताल के साथ परेड प्रस्तुत किया। सलामी मंच पर खड़ी शताक्षी सिंह ने बच्चों की तालमेल, अनुशासन और जोश की सराहना की। अतिथियो का शाला परिवार व आयोजन समिति द्वारा स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से माल्यार्पण कर अतिथियों का सम्मान किया। इस दौरान जनपद सदस्य दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, सरपंच डागेश्वर वर्मा, उपसरपंच सन्मुद वर्मा, पोषण वर्मा, मोती पाल, सतीश वर्मा, नित्य शरण सिंह, रवि गहने सहित प्राचार्य, शिक्षक, शाला विकास समिति सदस्यो सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# खरीदी केंद्र में अव्यवस्था, जिपं सदस्य शताक्षी ने दिया समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम मड़ौदा स्थित धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था और किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने मौका निरीक्षण किया।

किसानों ने उन्हें धान खरीदी में आ रही अलग अलग समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि टोकन कटवाने में दिक्कत हो रही है पूरा दिन केंद्र में बीताना पड़ रहा है। किसानों की समस्या पर शताक्षी सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने कहा। उन्होंने कहा कि शासन की लचर व्यवस्था के कारण किसानों को धान बिक्री के टोकन प्राप्त करने से लेकर गेहूं व



चना बीज वितरण तक में अनेक कठिनाइयां उठानी पड़ रही हैं। बीज वितरण को लेकर भी शताक्षी सिंह ने तीखा सवाल उठाते हुए स्पष्ट कहा कि जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता मिले, न कि किसी विशेष व्यक्ति या राजनीतिक समूह को लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा किसान हमारी रीढ़ हैं उनके साथ किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान मन्नू वर्मा, सतीश वर्मा, अनिल सेन, नित्य शरण सिंह, राम कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# 44 सालों तक सेवाएं देने बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक वैष्णव, दी गई भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत विरुटोला में पदस्थ प्रधान पाठक अखिलेश वैष्णव को शाला परिवार ने मंगलवार को भावपूर्ण विदाई दी। सेवानिवृत्ति अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीके सुधाकर, ब्लॉक श्रोत समन्वयक शर्मा, संकुल समन्वयक पीताम्बर सिंह, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान तथा ग्राम पंचायत विरुटोला के सरपंच चेतन वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में अतिथियों एवं बीईओ द्वारा श्री वैष्णव को पेंशन प्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश वैष्णव ने अपने 44 वर्ष के लंबे सेवाकाल में विद्यालय और विद्यार्थियों के उत्थान को सर्वोपरि रखा। शिक्षण क्षेत्र में उनका योगदान अनुकरणीय और प्रेरणादायी है। सेवानिवृत्ति पर भावुक होते हुए अखिलेश वैष्णव ने कहा 44 साल की शिक्षक की नौकरी कर सेवा की है। भगवान की कृपा से मुझे सेवानिवृत्ति के समय इतना सम्मान और प्यार मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया। आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षक के पढ़ाए छात्र भी शामिल हुए।




### छात्रों ने की उपवास

विदाई के अवसर पर छात्राओं ने सेवानिवृत्त हुए गुरुजी वैष्णव के सम्मान में एक जून का व्रत रखकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की, जिससे माहौल भावनात्मक हो उठा। कार्यक्रम में शिक्षक रामदुलार मंडावी, किरण सोनी, बबीता जोशी, बीआर साहू, अमीश कुशवाहा, पारस यादव, सविता ध्रुव, चित्रेखा सोरी, केवल मंडावी सहित ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थे।

# साइबर हिंसा पर कॉलेज में सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महिलाओं के खिलाफ डिजिटल हिंसा विषय पर रश्मिदेवी सिंह कालेज मे सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में रश्मिदेवी सिंह, नवीन कन्या कालेज और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रो डॉ जितेंद्र साखरे, मुख्य वक्ता महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मोनिका जत्ती, विशिष्ठ अतिथि आईक्यूएसी प्रभारी सृष्टि वर्मा सहित महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्य उपस्थित थे। सेमीनार की शुरुआत रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका मनीषा नायक के स्वागत भाषण से हुआ। प्रो सृष्टि वर्मा ने विषय को लेकर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रो डॉ साखरे ने महिलाओं के साथ हो रहीं डिजिटल हिंसा के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। मुख्य वक्ता मोनिका जत्ती ने बताया कि महिला



हिंसा उन्मूलन दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने में छात्राओं से वर्तमान में हो रहे डिजिटल हिंसा और इसके समाधान को लेकर बात रखी वही वैधानिक जानकारी के अभाव, महिला सशक्तिकरण, समानता का भाव, महिलाओं का हिंसा के प्रति दृष्टिकोण जैसे सम सामयिक विषयों पर जानकारी साझा किया। संचालन डॉ मेधाविनी तुरे व आभार प्रदर्शन भबीता मंडावी ने किया। प्रबंधन शबाना खान, डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया व पायल सुधाकर ने किया।

# एएसटी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज



**राजनांदगांव।** शहर के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित एएसटी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच खेला जाएगा। दोपहर 01 बजे ब्राह्मण योद्धा और सीजी ब्रदर्स के बीच यह मुकाबला होगा। विजेता टीम को 55 हजार रुपए नगद एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा। वहीं रनर अप टीम को 35 हजार रुपए एवं रनर कप दिया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमीन ख़ान ने बताया की अविभाजित राजनांदगांव जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने की मंशा से आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किए गए इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। 24 नवंबर से रोजाना लीग आधार पर मुकाबले खेले गए। जिसमें मोहला-मानपुर से लेकर खैरागढ़ और राजनंदगांव जिले के सभी कोने से खिलाड़ी टीम में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का आज रविवार को दोपहर 01 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अथिति महापौर मधुसूदन यादव एवं सोनराज ज्वेलर्स के संचालक मनोज गोलछा शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी टीम जिसमें सोनू वर्मा, चीनू सागर, राकेश यादव, लीलेंद्र वर्मा, राहुल गाड़ेवाल, यश ठाकुर, सद्दाम ख़ान, महिपाल साहू, डॉ. तहज़ीब अख़्तर, किशोर देशमुख एवं मुकेश मोजिश शामिल रहे।

### रोमांचक हुए दोनों सेमीफाइनल

फाइनल दिन से पहले शनिवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले मैच में सीजी ब्रदर्स की टीम ने जोरदार बल्लेबाजी करते निर्धारित 10 ओवर में 175 रन बनाए। जिसका पीछा करते नटराज इलेवन 88 रन से मैच हार गई। इस मैच में सीजी ब्रदर्स के ललित मरावी को मैन ऑफ दिया गया। दूसरे मैच में ब्राह्मण योद्धा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 118 रन बनाए थे। जिसका पीछे करते हुए आरवी इलेवन टीम 110 रन ही बना सकी।

## किसानों को ना हो समस्या, जिम्मेदारी से काम करे अधिकारी

# पांडादाह धान खरीदी केंद्र पहुंचे कलेक्टर सिंह ड्रेनेज सिस्टम सुधारने व सफाई के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पांडादाह धान खरीदी केंद्र खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने तौल प्रक्रिया, बोरा उपलब्धता, परिवहन और उठाव कार्यों की स्थिति सहित संपूर्ण व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। धान की नमी जांच प्रक्रिया का अवलोकन कर उन्होंने नमी जांच यंत्र कार्यशील, परीक्षण निर्धारित मानक अनुसार और किसानों को परिणाम की स्पष्ट जानकारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही नमी परीक्षण किसान हित और खरीदी की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर चंद्रवाल ने केंद्र की ड्रेनेज व्यवस्था को तत्काल सुधारने का निर्देश देते हुए कहा कि खरीदी अवधि में पानी की निकासी, साफ-सफाई और परिसर का नियमित रखरखाव अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अव्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है इसलिए अधिकारी जिम्मेदारी से काम करें।

### समितियों में ही होगा सुधार

उन्होंने बताया कि किसान कैरी-फॉरवर्ड पंजीयन 30 नवंबर तक खुला है, ऐसे में जिन किसानों के पंजीयन में संशोधन आवश्यक है वे इसे समय-सीमा के भीतर पूरा करा लें। उन्होंने अधिकारियों को पंजीयन कार्यों में तेजी लाने, किसानों का सहयोग करने कहा ताकि कोई भी किसान तकनीकी कारणों से खरीदी से वंचित न हो। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने स्पष्ट किया कि खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी, सभी आवश्यक सुधार कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करना अनिवार्य है। इस दौरान केंद्र प्रभारी द्वारा दैनिक खरीदी, किसानों की उपस्थिति, परिवहन व उठाव की अद्यतन जानकारी दी गई।



## सार समाचार

### आज मनाया जाएगा गीता जयंती महोत्सव

**राजनांदगांव।** संस्कृत भारती राजनांदगांव द्वारा कल 30 नवंबर को गीता जयंती का महोत्सव नीरज पब्लिक स्कूल बल्देवबाग में सुबह 11.30 बजे मनाया जाएगा। संस्कृत भारती की जिला मंत्री डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, जिला प्रशिक्षण प्रमुख नीलम श्रीवास्तव व नगर अध्यक्ष डॉ. शंकरमुनि राय ने बताया कि महोत्सव में श्रीमद् भवगद गीता के द्वादश अध्याय का वाचन, श्लोक पाठ, मथुराष्टकम्, अच्युताष्टकम्, नृत्यामिनय इत्यादि होगा। प्रत्येक व्यक्ति गीता में दिए गए उपदेशों को पढ़कर व समझकर अपने जीवन चरित्र को उतारकर अपने मनुष्य जन्म को सार्थक बनाए, यही इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है।

### रमन सिंह ने की आर्थिक मदद

**सोमनी।** ग्राम सोमनी में पिछले दिनों खांडे परिवार के जगदीश खांडे का निधन हुआ था।



शोक संतृप्त परिवार से मिलने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व जिला भाजपा उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर सहित भाजपा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारीगण पहुंचे थे। इस दौरान मृतक के तैलचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। उनके परिवार के लाकेश खांडे की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आर्थिक मदद डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष से दिलाने का आग्रह किया था। त्वरित कार्रवाई करते पीड़ित परिवार को दस हजार रुपए का गत दिवस चेक प्रदान कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा राजनांदगांव ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, महामंत्री सौरभ कोठारी, तरुण लहरवानी, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री रमन सिंह राजपूत एवं नरोत्तम बजारे, चंद्रभान, निखिल कंजारे, गैदबाल खिलाड़ी उपस्थित थे।

### चाकूबाजी के आरोपी पर हो कड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मानव मंदिर चौक में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद यादव समाज में नाराजगी तेज हो गई है। घटना से आक्रोशित सामाजिकजनों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते ज्ञापन सौंपा।



यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूदेव हरीश यादव ने कहा कि शहर में हुई चाकूबाजी की घटना बेहद गंभीर है। इससे आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाए। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ते आपराधिक मामलों पर रोक लगाने पुलिस को प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आरोपी पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज चरणबद्ध आंदोलन की ओर बढ़ने को मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश यादव, दुर्गेश यादव, अमन यादव, कैलाश, विद्या यादव, फगुवा, बीआर यादव, बिजेंद्र, कल्पेश, अनिमेष, लक्ष्मीनारायण, लव यादव, विक्रांत, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित रहे।

### 3 को चेंदरीबन नवागांव में मंडई मेला

**जेवरतला रोड।** ग्राम चेंदरीबन नवागांव में मंडई मेला का आयोजन 3 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाचा ग्राम खुंदनी बालोद वाले का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम के पुरेन्द्र कुमार सोनबोईर ने दी।

### 12 लाख का 391.20 क्विंटल अवैध धान और 1 वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा 29 नवंबर को कुल 7 प्रकरणों में 12 लाख 12 हजार 720 रुपए मूल्य के 391.20 क्विंटल (978 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 118 प्रकरणों में 4 करोड़ 79 लाख 19 हजार 366 रुपए मूल्य के 15457.86 क्विंटल (38645 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को राजनांदगांव अनुविभाग में 3 प्रकरण में 58 लाख 9 हजार रुपए मूल्य के 190 क्विंटल (475 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 2 प्रकरणों में 2 लाख 8 हजार 320 रुपए मूल्य के 67.20 क्विंटल (168 बोरा) एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 4 लाख 15 हजार 400 रुपए मूल्य के 134 क्विंटल (335 बोरा) अवैध धान एवं 1 वाहन जब्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 46 प्रकरणों में 2 करोड़ 70 लाख 79 हजार 120 रुपए मूल्य के 8735.20 क्विंटल (21838 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 36 प्रकरण में 94 लाख 94 हजार 866 रुपए मूल्य के 3062.86 क्विंटल (7657 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 36 प्रकरणों में 1 करोड़ 13 लाख 45 हजार 380 रुपए मूल्य के 3659.80 क्विंटल (9150 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जब्त किया गया है।

### फर्जी शेयर ट्रेडिंग के दो बड़े साईबर फ्रॉड का खुलासा

# डिजिटल अरेस्ट व शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, चार आरोपी गिरफ्तार

## बुजुर्ग महिला से डिजिटल अरेस्ट के नाम से की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डिजिटल अरेस्ट और फर्जी शेयर ट्रेडिंग के दो बड़े साइबर फ्राड का खुलासा पुलिस ने किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात साइबर ठगों द्वारा स्वयं को एयरटेल कर्मचारी, फिर सीबीआई अधिकारी और बाद में "जज" बताकर 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला को वीडियो कॉल पर मनी लांड्रिंग के केस में फंसे हो कहकर डराया और व्हाट्सअप वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देते मनी लांड्रिंग केस में फर्जी जज बनकर सुनवाई के दौरान कहा कि उनके खाते की रकम को जज के खाते में आरटीजीएस करें। जिससे उनकी निर्दोषता साबित होगी, डर के कारण पीड़िता ने ठगों के बताए बैंक खातों में 79,69,047 रुपए ट्रांसफर कर दी। प्रार्थिया के सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



#### अन्य आरोपियों की तलाश

पुलिस के अनुसार साइबर सेल व थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर छानबीन की। ठगी की रकम में से 20 लाख रुपए आरोपी द्वारा यश बैंक के खाते में प्राप्त किया गया था। टीम गुरूग्राम हरियाणा में दबिश देकर एक आरोपी राधेश्याम 20 वर्ष निवासी कुश्लावा जिला जोधपुर राजस्थान को हिरासत में लिया। आरोपी द्वारा ठगी से प्राप्त रकम को गुरूग्राम हरियाणा के विभिन्न बैंकों में चेक व एटीएम के माध्यम से नगद निकालकर 2 प्रतिशत कमीशन अपने पास रखकर बाकी ठगी के रकम को गिरोह को भेजता था। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी है।

#### मोबाइल, एटीएम व चेकबुक जब्त

पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी धीरज सिंह, अरविंद ठाकुर, डिम्पल सिंह यादव को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। दोनों प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, आधार, पैनकार्ड एवं 5 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। उपरोक्त मामले में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार, थाना प्रभारी कोतवाली के निरीक्षक नंदकिशोर गौतम व कोतवाली स्टाफ प्र.आर. जी.सीरिल एवं सायबर सेल के आरक्षक अमित सोनी, जोगेश राठौर, हेमंत साहू एवं आदित्य सिंह की अहम भूमिका रही।

#### पुलिस ने मप्र में दी दबिश

जिस पर साइबर सेल व थाना कोतवाली की टीम ने मनी ट्रेल व तकनीकी जांच कर मध्यप्रदेश के सिहोर व इंदौर में दबिश दी। बंधन बैंक के खाता। जिसमें ठगी की रकम 9 लाख रुपए ट्रांसफर की गई थी। जिसके खाताधारक धीरज सिंह के द्वारा अपनी कंपनी किसान बाजार के नाम पर करंट बैंक खाता खुलवाकर उसे ठगी हेतु 1,30,000 रुपए कमीशन लेकर ठगों को बेचा गया था। उक्त बैंक खाता को ठगो तक पहुंचाने वाले गिरोह के अरविंद ठाकुर, जो कि खाता उपलब्ध कराने हेतु 2 प्रतिशत लेता था तथा डिम्पल यादव (बीटेक सायबर सेक्युरिटी का छात्र) ठगों को खाता उपलब्ध कराने के एवज में व 2.8 प्रतिशत कमीशन लेने का काम करता था। खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी कमीशन के पैसों को क्रिप्टोकरेंसी-यूएसडीटी के रूप में वॉलेट एड्रेस में प्राप्त करते थे।

#### निवेश में ज्यादा फायदा के नाम पर ठगी

इसी तरह साइबर ठगों द्वारा स्वयं को फारेक्स, ऑनलाइन ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर प्रार्थी आयुष अग्रवाल निवासी राजनांदगांव को रुपए दोगुना करने का लालच दिया गया। इन्वेस्टमेंट हेतु व्हाटसअप के माध्यम से फर्जी वेबसाईट लिंक भेजकर उस प्लेटफार्म पर फर्जी तरीके से शुरूआत में छोटा मुनाफा 15 हजार रुपए प्रार्थी के एकाउंट में ट्रांसफर किए। प्रार्थी को भरोसे में लिया और बड़े निवेश में ज्यादा फायदा देने की बात कहकर कुल मिलाकर 1,21,53,590 रुपए विभिन्न खातों में जमा कराए। ठगों ने कमीशन और निवेश के नाम पर लगातार पैसे मांगे। बढ़े हुए रकम को प्रार्थी द्वारा विथड्रॉ करने की बात करने पर ठगों द्वारा बहाना करने पर प्रार्थी को ठगी का अहसास हुआ, फिर प्रार्थी ने साइबर हेल्प लाइन व थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## शहर में गांजा बिक्री आरोपी पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- एक किलो दो सौ ग्राम गांजा जब्त
- सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई

शहर में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लगभग 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थों के बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्व धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 29 नवंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि गुप्ता कबाड़ी दुकान के पीछे नया बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति गांजा बिक्री कर रहा है।

#### गांजा बरामद, आरोपी पर कार्रवाई

सूचना की तस्दीकी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंचकर सूचना के आधार के पर बताए हुलिया के आधार एक व्यक्ति को अवैध रूप से गांजा बिक्री करते पकड़ा गया, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम रहीम खान उर्फ भोंदू 19 साल गौरीनगर बताया। आरोपी के कब्जे से 1.200 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 12000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को ज्युडिशयल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री एवं तस्करी में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश का निधन

- हरिभूमि संवाददाता दुर्गेश शर्मा को दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

हरिभूमि मोहला के वरिष्ठ संवाददाता दुर्गेश शर्मा का आज तड़के आकस्मिक निधन हो गया। वह बीते सोमवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज राजनांदगांव के एक निजी अस्पताल में जारी था, परंतु वे जिंदगी और मौत से जंग लड़ते अंतिम सांस ली। आज दोपहर 3 बजे उनका अंतिम संस्कार मोहला स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी, प्रेस के प्रतिनिधि, आम नगरवासी, ब्राह्मण समाज के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

गौरतलब है कि बीते सोमवार को एक्टिवा में सवार होकर खडगांव से वापसी के दौरान दोपहर 3 बजे के लगभग दुर्गेश शर्मा का एकटकन्हार के करीब एक बैल से टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में उनके सिर पर गंभीर चोंट पहुंची थी। जिनका इलाज राजनांदगांव के एक



प्राइवेट अस्पताल में जारी था। आज सुबह 5.30 बजे के लगभग उन्होंने अंतिम सांस ली। बेहद गमगीन माहौल में इकलौते पुत्र आभास शर्मा ने दिवंगत पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में नगर के वरिष्ठ व्यापारी नारायण खंडेलवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष एनिशपुरी गोस्वामी, शिवप्रसाद शर्मा, संजीत ठाकुर, राजीव तिवारी, भूषणप्रसाद तिवारी, जनक तिवारी, धनंजय पांडे, अजय पांडे, बृजभूषण चौबे, संतोष पांडे, सुनील शर्मा, जितेंद्र जैन, एसएस यादव, नेरूद्दिन रुजनी, निसार अहमद, नूरबेग, महेश कुंजम, कालिदास कुंजम, रमेश द्विवेदी, सरपंच गजेंद्रपुरा में मोहन ध्रुव, योगेंद्र सिगने, राजू देशमुख, दिलीप सिगने, रमेश उइके, संतकुमार पांडे, जितेंद्र त्रिपाठी, अरुण उपाध्याय, नरेंद्र सिंह, श्रेयास साहू आदि शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

### गीता के अध्ययन से ही मनुष्य का होता है विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने पद्मा तारा स्थित हाईस्कूल में गीता जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन की रथ पर सवार गीता के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि देवकुमार निर्वाणी ने कहा कि गीता का अध्ययन करना मनुष्य के जीवन में बदलाव लाने के लिए आवश्यक है। गीता के अध्ययन से ही मनुष्य का विकास होता है। उन्होंने कहा कि गीता में जीवन जीने के तरीके के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। कार्यक्रम में स्टाफगण, छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बढ़ी हुई जमीन दरों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन के दामों में हुई वृद्धि के मामले में विरोध प्रदर्शन करते आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के लिए कांग्रेसियों ने शहर के जयस्तंभ चौक से रैली निकाली और मानव मंदिर चौक पर पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस को चकमा देते कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिनेमा लाइन की ओर से मुख्यमंत्री का पुतला निकालकर उसे आग के हवाले कर दिया, तभी मौके पर मौजूद पुलिस ने पुतले में पानी डालकर आग बुझाई।



#### बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसी

कांग्रेस के नवनियुक्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्ष को जिम्मेदारी मिलने के बाद पहले ही प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की खासी भीड़ जुटी। पुतला दहन के दौरान विधायक हर्षिता बघेल, नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, भागवत साहू, हेमा देशमुख, डॉ. आफताब आलम, माया शर्मा, विनय झा, राजेश गुप्ता चंपू, मधुकर बंजारी, अभिषेक खंडेलवाल, ऋषि शास्त्री, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अमर झा, विशु अजमानी, चेतन भानुशाली, राजीव सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### सरकार का तुगलगी फरमान

पुतला दहन के आयोजन को लेकर नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तुगलगी फरमान जारी कर जमीनों की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। इसे फाइनेंशियल ईयर में ना लाकर सरकार ने बीच साल में जमीन के दरों को बढ़ाकर किसानों व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि अचानक जमीनों के दर बढ़ने पर लोग जमीन नहीं खरीद पा रहे हैं। वहीं जो जरूरतमंद हैं, वह अपनी जमीन नहीं बेच पा रहे हैं।

## संविधान दिवस पर वरिष्ठ नागरिक संघ की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संविधान दिवस पर 26 नवंबर को पुराना विश्राम गृह में वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि अधिवक्ता राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने कहा कि संविधान की संरचना एक लंबे विचार-विमर्श के पश्चात हुई। संविधान में समय के आवश्यकतानुसार संशोधन हुए, जो हमारे उच्च आदर्शों को स्थापित करने में सफल हुए। संविधान के प्रति सम्मान व जागरूकता एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पण को लेकर विचार गोष्ठी में अपनी बात कही। तत्पश्चात संगोष्ठी में विश्व बौद्ध संघ के संरक्षक अधिवक्ता आरएल कांडे ने कहा कि राष्ट्रधर्म को जातिवाद के आधार पर प्रभावित नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अपने सार्वजनिक जीवन में सामान्य वर्ग से आवेदन करते रहे। बौद्ध धर्म में किसी भी प्रकार की जात-पात की कोई व्यवस्था नहीं है उसी प्रकार भारतीय संविधान के तहत राष्ट्रवादी विचारों की स्थापना के लिए हमें जात-पात से हटकर राष्ट्रीय एकता के साथ कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव, जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आनंद वर्गीस, श्रमिक नेता वरूण तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार रवि मुदिराज ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अमलेन्दु हाजरा ने किया। इस अवसर पर निखिल मंगवानी, हरजीत सिंह भाटिया, एसके तिवारी, महेश देवांगन, राजू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 2 पद
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

### जयस्तंभ चौक पर हुआ स्वागत, मुदलियार के घर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

# कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देर रात अपने जिला और शहर अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी गई है। इसमें राजनांदगांव ग्रामीण से विपिन यादव और शहर से जितेन्द्र मुदलियार के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में काफी उत्साह नजर आया। आज सुबह से ही जितेंद्र मुदलियार के निवास में उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

नवनियुक्त शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम आम जनता की लड़ाई सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। वर्तमान सरकार में कोई एक मुखिया



नहीं दिखता है, एक नेतृत्व के भरोसे सरकार चलती हुई दिखाई नहीं दे रही है। जिसकी वजह से जनता का भरोसा सरकार से उठ गया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में अव्यवस्था है। वहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है। प्रदेश में आरजकता का माहौल है। जिसको लेकर आंदोलन किया जाएगा। वहीं उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद करते कहा कि कार्यकर्ता रीड की हड्डी है, कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि एक नया परिवर्तन राजनांदगांव में देखने मिलेगा।

#### कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे

कांग्रेस के अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कांग्रेसजनों ने शहर के जयस्तंभ चौक में पटाखे फोड़कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, महेंद्र यादव, विष्णु लोधी, हेमा देशमुख, राजेश गुप्ता, अभिषेक खंडेलवाल, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई दी।

#### हर जिम्मेदारी चुनौती

कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त होने पर विपिन यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं का अपनी नियुक्ति के लिए आभार जताया है। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को लेकर कहा कि हर कार्य चुनौती है। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनता के हितों और मुद्दों को उठाया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

### महात्मा गांधी नरेगा से मिला सुखद परिणाम, हितग्राही राजूलाल को मिली नई उम्मीद

# सिंचाई कूप के साधन ने बदली किस्मत कूप निर्माण ने खोले तरक्की के रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बामी निवासी हितग्राही राजूलाल साहू पिता चमरू साहू ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से लाभान्वित हुए राजूलाल अब अपने गांव मे अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। ग्राम सभा से मिली जानकारी ने उनके लिए बहुत से नए रास्ते खोल दिए। ग्राम पंचायत बामी निवासी राजूलाल के मांग पर मनरेगा योजना से सिंचाई कूप का निर्माण कार्य 2 लाख 52 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत कराया गया। कार्य की स्वीकृति ने किसान राजूलाल के लिए नई उम्मीद की किरण जगा दी। निर्माण कार्य 16 मार्च से प्रारंभ होकर 15 जुलाई 2024 को पूरा हुआ। कुल 2 लाख 52 हजार रुपए की लागत से तैयार यह कूप आज किसान की खुशहाली का आधार बन चुका है। मनरेगा के तहत निर्मित यह सिंचाई कूप ग्राम पंचायत बामी में ग्रामीण विकास का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। इससे न केवल रोजगार सृजित हुआ, बल्कि स्थायी जल-संरचना ने किसान की किस्मत बदल दी। यह कार्य साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजना और सही दिशा में किया गया विकास कार्य कैसे लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।

**कूप निर्माण से मिल रहा फायदा**



उन्होने बताया कि पहले पानी की कमी से खेतों में सीमित उत्पादन हो पाता था। वर्षा पर निर्भर खेती के चलते अक्सर फसलें प्रभावित होती थीं और किसान राजूलाल को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। लेकिन महात्मा गांधी नरेगा योजना के इस कार्य ने परिस्थितियां पूरी तरह बदल दी है। अब पानी साल के बारहों महीने रहता है जिसके कारण पूरे साल खेती किसानी लगी रहती है। पर्याप्त पानी उपलब्ध होने से ना केवल फसल उत्पादन में वृद्धि हुई, बल्कि किसान ने रबी सीजन में भी फसल लेना शुरू कर दिया। परिवार की आय में बहुत सुधार हुआ है और किसान अब दोहरी फसल लेकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। उन्होने बताया कि मनरेगा से बने कूप ने खेती को नई जान दी है। पहले पानी के लिए हम वर्षा पर निर्भर थे, अब सिंचाई का अपना साधन है। मेरे पास दो एकड़ जमीन है जिसमे खरीफ फसल धान 48 क्विंटल और रबी फसल 2024-25 मे गेंहू 16 क्विंटल उत्पादन हुआ है। कूप निर्माण के पहले धान 36 क्विंटल होता था और रवि फसल के लिए दूसरे के बोर वेल से पानी लेना पड़ता था। अब मेरा खुद का कूप है जिसमे मै पंप की सहायता से खेत की सिंचाई कर रहा है, अब फसल उत्पादन बढ़ रहा है, आय बढ़ रही है और जीवन में खुशहाली आई है। आमदनी बढ़ाने से पारिवारिक जरुरतो को पूरा करना पहले से आसान हों गया है।

# लासाटोला में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आयोजित

- कथावाचक सुश्री सौम्या किशोरी द्वारा भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा।
- सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम लासाटोला में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन होने से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। जिसमें श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा वाचन वृंदावन की प्रसिद्ध कथावाचक सुश्री सौम्या किशोरी द्वारा भक्तजनों व ग्रामवासियों को मधुर वाणी, संगीतमय प्रस्तुति और भावपूर्ण वर्णन से श्रोताओं को कथा रसपान कराया। वहीं श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में भगवान वामन अवतार और बालकृष्ण लीला का वर्णन किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति भाव की गंगा में डुबकी लगाई जिससे गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

आयोजन समिति ने बताया कि कथा के शेष दिनों में भी विशेष प्रसंगों का वर्णन होगा। पांचवें दिन गोवर्धन पूजा के पावन प्रसंग पर कथा का आयोजन किया जाएगा वहीं 30 नवम्बर को भगवान श्री कृष्ण एवं रुखमणी विवाह की दिव्य कथा श्रवण कराई जाएगी, जबकि 1 दिसम्बर को सुदामा चरित्र एवं व्यास पीठ विदाई के साथ कथा का समापन होगा। यह कथा ग्राम लासाटोला के समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का लाभ लेकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का प्रांतीय सम्मेलन बिलासपुर में आज

- जिले से डॉ नरेश कुमार यदु होंगे सम्मिलित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी डॉ नरेश कुमार यदु ने बताया कि 30 नवंबर को बिलासपुर में आयोजित होने वाले प्रांतीय सम्मेलन के लिए उन्हें आमंत्रण प्राप्त हो चुका है। सम्मेलन के संयोजक पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे जय स्तम्भ, शनिचरी बाजार में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से होगी। इसके बाद जय स्तम्भ से अनुभव भवन तक शहीद सम्मान पद यात्रा निकाली जाएगी।

सुबह 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज वंदन तथा प्रतिनिधियों का पंजीयन किया जाएगा। 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रांतीय सम्मेलन, प्रस्ताव एवं प्रबोधन विचार-मंथन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान नगर में नव निर्मित सेनानी पट्टिका एवं वंदे मातरम गार्डन के निर्माण हेतु विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा। दोपहर 1 से 2 बजे तक राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्र रघुवंशी का अंतिम प्रबोधन होगा। साथ ही सभी जिलों से आए सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों को सेनानी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र रघुवंशी तथा विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री कपूर सिंह दलाल (गुरुग्राम), डॉ राजा मिश्रा एवं अरुण प्रताप सिंह (मध्यप्रदेश) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में गणेश शंकर मिश्रा, आचार्य नरेंद्र नाथ मिश्रा तथा केके अग्रवाल शामिल रहेंगे।

सम्मेलन की तैयारी समिति में डॉ शकुंतला जितपुरे, ई. रमेंद्रराव, इंदर टहलियानी, सोनम मनीष साहू, चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, अनिल तिवारी, रमेश श्रीवास, महेंद्र टंडन, दिव्य प्रकाश दुबे, राहुल दुबे, अशोक बाजपेयी, प्रामी प्रताप सिंह, अखिलेश बाजपेयी, श्वेता पांडेय, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ नितिन टहलियानी, सुरेश कलवानी, रोचना तिलक, डॉ उषा किरण बाजपेयी, डॉ किरण बाजपेयी एवं जग्गु निर्मलकर समेत अन्य सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह सम्मेलन अनुभव भवन, ज्येष्ठ नागरिक संघ कार्यालय, बृहस्पति बाजार में आयोजित होगा। कवर्धा से डॉ नरेश कुमार यदु के साथ एसएस जैन एवं महोबिया भी सम्मिलित होंगे।

# गौ-संरक्षण, गौमूत्र संकलन का अभिनव मॉडल



- गौ-आधारित उत्पादों में उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद और विभिन्न बायो-इनपुट रिसोर्स सामग्री शामिल होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की ग्राम पंचायत अतरिया खुर्द के युवा सरपंच नरेश साहू के सफल एवं सराहनीय प्रयास से ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। गांव की 30 ऊर्जावान महिला नेतृत्व साथियों का एक समर्पित संगठन श्रीमती किरण यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में काम कर रहा है, गौधाम अतरिया खुर्द को गौ-संरक्षण और जैविक उत्पाद का केंद्र बना रहा है। महिला संगठन ने गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर सराहनीय कार्य करते हुए अब एक निर्णायक कदम उठाया है। जिसमें गौमूत्र का विधिवत संकलन शुरू किया गया है, यह पहल केवल गौ-सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाना और कृषि को रसायनिक-मुक्त बनाना है। गौमूत्र संकलन के माध्यम से संगठन गौ-आधारित उत्पाद बनाने की तैयारी कर रहा है। गौ-आधारित उत्पादों में उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद और विभिन्न बायो-इनपुट रिसोर्स सामग्री शामिल होंगे, जिन्हें जल्द ही गांव के किसानों को प्रदान किया जाएगा। यह पहल अतरिया खुर्द को जैविक खेती के मॉडल गांव के रूप में स्थापित करेगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा। यह कदम स्थानीय स्तर पर एक सर्कुलर इकोनॉमी (चक्रीय अर्थव्यवस्था) को बढ़ावा देगा, जहा गौवंश अपशिष्ट नहीं, बल्कि

**महिला संगठन की दूरदर्शिता और परिश्रम की सराहनीय पहल**

इस सामूहिक और नवोन्मेषी कार्य को ग्राम पंचायत का अटूट समर्थन प्राप्त है। ग्राम पंचायत अतरिया खुर्द के सरपंच नरेश साहू, उपसरपंच एवं समस्त पंचगण इस महिला संगठन की दूरदर्शिता और परिश्रम की हृदय से सराहना करते हैं। उनका सहयोग यह सुनिश्चित करता है कि गौधाम और महिला संगठन दोनों ही सुचारू रूप से कार्य कर सकें। श्रीमती किरण यादव ने कहा हमारी 30 साथियों की टीम ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और विश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम सिर्फ गौवंश की सेवा नहीं कर रहे, बल्कि अपने गांव के भविष्य में निवेश कर रहे हैं। यह अभिनव प्रयास छत्तीसगढ़ के अन्य ग्रामों के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जो यह दर्शाता है कि स्थानीय महिला नेतृत्व और सामुदायिक सहयोग से किस प्रकार गौ-आधारित उत्पादों को ग्रामीण विकास का आधार बनाकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है।

**धान खरीदी केंद्र की निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर**



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम हरिनछपरा के सेवा सहकारी समिति मर्यादित में कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया, इस दौरान एसडीएम व तहसीलदार उपस्थित थें। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं को अवगत कराया गया, जिसमें धान के रकबा में कटौती को सुधार करने के लिए तहसीलदार एवं एसडीएम पास जाने का जरूरत नहीं है, सोसाइटी में ही प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा सुधार किया जाएगा ताकि सुचारू से काम चल सके एवं किसानों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष सेवा सरकारी समिति क्रमांक 13 धान खरीदी केंद्र के पास भवन व बिजली तथा किसानों ने अपनी समस्याओं को अवगत कराया। वहीं सेवा सहकारी समिति हरिनछपरा में अब तक की धान खरीदी 90 किसानों के द्वारा बेचा गया, जिसमें 3 हजार 7 सौ 26 किंवटल 80 किलो बेचा गया। इस अवसर पर सोसाइटी प्रबंधक कोमल तिवारी, कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारी वैभव मिश्रा, पटवारी रामकुमार धुर्वे, नवीन साहू, अध्यक्ष संत श्यामरतन कोसले, सरपंच प्रतिनिधि शत्रुहन बंजारे, पंचगण दिनेश अनंत, हरि कुर्रे, कृषकगण कलीराम भारती, बाबूराम साहू, सनत बघेल, गोरेलाल सिन्हा, राजकुमार भट्ट, जलेश बघेल एवं समस्त कृषक गण उपस्थित थे।

**उल्लास नवभारत साक्षर कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर**



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में छात्र छात्राओं, प्रधान पाठक एवं स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा जन-जागरूक रैली निकालकर गांव के चौक-चौराहों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसमें आगामी 7 दिसंबर को उल्लास नवभारत साक्षर परीक्षा का आयोजन होना है जिसमें दो केंद्र बनाया गया है। उल्लास नवभारत परीक्षा के लिए शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला कोलेगांव में जिसकी तैयारी जोर-शोर से किया जा रहा है ताकि कोई छूट न जाए। इस उल्लास नवभारत कार्यक्रम में प्रधान पाठक नारद प्रसाद साहू, शिक्षक विवेक शर्मा, स्वयंसेवी शिक्षक मुनिद्र साहू, सतीश कुमार साहू, दिनेश पाण्डेय, उल्लास नवभारत परीक्षा की तैयारी के लिए जन जागरूक किया जा रहा है।

# जिलाध्यक्ष बनने पर नवीन जायसवाल को बधाई दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कवर्धा जिले का जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के 41 जिलों में नए अध्यक्षों की सूची जारी की है, जिसमें कवर्धा जिले के लिए नवीन जायसवाल का चयन होना पूरे जिले के कांग्रेस परिवार के लिए गौरव का विषय है। इस नियुक्ति पर जिले की वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नवीन जायसवाल को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय उनके लंबे संघर्ष, समर्पण, संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यकर्ताओं के बीच व्यापक स्वीकार्यता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि नवीन जायसवाल हमेशा से ही कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहते हुए छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले विनम्र और जमीन से जुड़े नेता रहे हैं। हर कार्यकर्ता का सम्मान करना और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहना उनकी सबसे बड़ी विशेषता है। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि नवीन जायसवाल का संगठनात्मक अनुभव बेहद समृद्ध है। वे वर्षों से बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक लगातार सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा और संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं।

उन्होंने युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और समाज के हर वर्ग तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का काम निरंतर किया है। इस दौरान उनका संघर्ष, उनकी दृढ़ता और उनकी कार्यशैली ने उन्हें जिले के कार्यकर्ताओं के बीच भरोसेमंद नेतृत्व के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि श्री जायसवाल के नेतृत्व में कवर्धा जिला कांग्रेस एक मजबूत विपक्ष के रूप में खड़ा होगा। वे भाजपा की जन-विरोधी नीतियों, गलत निर्णयों और जनता को नुकसान पहुंचाने वाले हर कदम का डटकर मुकाबला करेंगे। उनकी कार्यशैली हमेशा से जनहित पर आधारित रही है, और वे आने वाले समय में किसानों, मजदूरों, युवाओं, व्यापारियों तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि श्री जायसवाल जिले की समस्याओं, ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों और जनता की अपेक्षाओं को समझते हुए कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा देंगे। अन्नपूर्णा चंद्राकर ने कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ जिले में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने में तेजी आएगी।

**निधन**

**श्रीमती सुंदरी देवी जायसवाल**



**हरिभूमि पंडरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन जायसवाल की माता श्रीमती सुंदरी देवी जायसवाल का निधन शनिवार को हो गया। स्व. श्रीमती सुंदरी देवी जायसवाल का अंतिम संस्कार 30 नवंबर रविवार को 11:00 बजे पंडरिया स्थित कुई-कुकदुर रोड मुक्तिधाम में किया जाएगा। जिसमें समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा स्व. श्रीमती सुंदरी देवी जायसवाल को अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर भावभीनी विदाई दी जाएगी। उनके निधन से जायसवाल परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

### विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

# जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिया में विद्यार्थियों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल-कूद अंतर्गत कबड्डी, रस्सा-कस्सी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100मीटर व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक स्तरीय पर पंडरिया, बोड़ला, कवर्धा में आयोजित किया गया, जिसके विजेता प्रतिभागी शनिवार को जिला स्तरीय में हिस्सा लिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पांडेय व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला भाजपा राजेन्द्र चंद्रवंशी, गणपत बघेल उपस्थित थें। कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती आरती मिश्रा लेखक एवं कार्यक्रम सहायक मेरा युवा भारत कवर्धा ने सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा खेल भावना का परिचय देते हुए सभी प्रतिभागियों ने जिला स्तर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है सभी प्रतिभागियों को मेरे ओर से शुभकामनाएं तथा निरंतर खेल के अभ्यास सभी खिलाड़ी करते रहे और खेलकूद के विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले का नाम रौशन करते रहे तथा खेलकूद के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने संबोधित कर शुभकामनाएं दिया। इस खेल को प्रतियोगिता में बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ प्रथम स्थान राहुल कौशिक, द्वितीय स्थान श्रवण यादव, तृतीय स्थान दिनेश कुमार ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान वंदना, द्वितीय स्थान ज्योति यादव, तृतीय स्थान भागमती ने प्राप्त किया, गोला फेंक में प्रथम स्थान संजय पैकरा, द्वितीय संजय निषाद, तृतीय स्थान सेवा वर्मा ने प्राप्त किया। साथ ही साथ तवा-फेक में प्रथम स्थान सुमित्रा, द्वितीय स्थान रानू तथा तृतीय स्थान सविता ने प्राप्त किया। कबड्डी में प्रथम स्थान कवर्धा ब्लॉक द्वितीय स्थान पंडरिया ब्लाक, रस्साकसी प्रथम स्थान कवर्धा ब्लॉक, द्वितीय स्थान पंडरिया ब्लाक ने प्राप्त किया। मेरा युवा भारत कवर्धा छत्तीसगढ़ और युवा मंडल को स्पोर्ट्स किट अतिथियों के कर कमल के द्वारा प्रदान किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र अतिथियों के हाथों से देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पुरषोत्तम निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश्वरी ठाकुर, धनंजय चंद्रवंशी, रीना शर्मा, राजकुमार जोशी, दशरथ साहू, सूरज निर्मलकर, पुनीराम यादव, दुर्गेश साहू सहित संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर परिचर्चा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की महत्वपूर्ण परिचर्चा बैठक जिला संयोजक अर्जुन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला कार्यकारिणी गठन एवं 11 सूत्रीय मांगों पर विस्तृत चर्चा किया। इसी दौरान पदोन्नत प्राचार्यो का सम्मान समारोह भी सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, तथा जनपद अध्यक्ष पंडरिया श्रीमती नंदनी साहू उपस्थित थें। अतिथियों ने कर्मचारी संगठन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विभिन्न मुद्दों के समाधान हेतु समर्थन व्यक्त किया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख से दीपक ठाकुर, भूपेंद्र शर्मा, रविकांत, कोमल कुमार साहू, गोलू सोनवानी, दिलीप चंद्रवंशी, हेमंत साहू, आरके धावलकर साथ ही छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि की गरिमामय उपस्थिति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**अनदेखी:** वन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्यवाही, हर रोज पार हो रही सैकड़ो टन लकड़ी

# जलावन की आड़ पर धड़ल्ले से चल रही हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सक्रिय लकड़ी तस्कर तो जिले के जंगलों को तबाह कर ही रहे हैं साथ ही जलावन बटोरने की आड़ में जंगलों में बिना रोकटोक दाखिल हो रहे वनवासी भी जंगलों की हरियाली पर खतरा बने हुए है। इन लोगों द्वारा हर रोज बड़ी संख्या में हरे-भरे पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पंडरिया, सहसपुर लोहारा तथा बोड़ला के वनांचल ग्रामों में निवासरत वनवासियों का जंगलों से एकत्र जलावन बाजार में बेंचकर आय अर्जित करना एक प्रमुख व्यवसाय है और वे इसकी आपूर्ति आसपास के जंगलों से करते है। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर इन वनवासियों को हर रोज इतनी बड़ी मात्रा में जलावन मिलती कैसे हैं? जानकारों की माने तो इसमें वन विभाग के कर्मचारी वनवासियों के लिए काफी मददगार साबित होते है। वनवासी इन कर्मचारियों की हथेली गरम कर बिना रोकटोक जंगलों में दाखिल हो जाते है और प्राकृति रूप से गिरे पेड़ों से जितनी जलावन मिलती है उसे तो बटोर ही लेते हैं साथ ही आगे की व्यवस्था के लिए दो-चार हरे भरे पेड़ों को भी धराशाही कर लौट आते है। कुछ दिनों बाद इन्हीं पेड़ों की लकड़ी को जलावन के रूप में बाजार में उतार दिया जाता है। जानकारों के मुताबिक यह सब इतने व्यवस्थित व सुनियोजित ढंग से किया जाता है कि वनवासियों को कथित जलावन की कभी कमी ही नहीं होती है और उनका यह धंधा निरंतर चलते रहता है। वनवासियों और वनकर्मियों की मिलीभगत से किए जा रहे इस काम को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जिले के जंगलों में प्रतिदिन दर्जनो की संख्या में जलावन बटोरने वाले दाखिल होते हैं तो जंगलों की हरियाली कैसे न गायब हो।

### ठंड में बढ़ी जलावन लकड़ी की मांग



वैसे तो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जलावन लकड़ी की मांग बारहों महिने रहती है लेकिन ठंड के इस मौसम में न सिर्फ जलावन लकड़ी की मांग दो गुनी हो जाती है बल्कि जलावन बेंचने वाले इसके दामों में भी इजाफा कर देते हैं। बावजूद इसके जरूरतमंदों द्वारा इसकी खरीदी की जाती है। यही वजह है कि जंगलों से जलावन एकत्र करने वाले हरे पेड़ों को काटकर जलावन तैयार करने में भी कोई गुरेज नहीं करते।

### हॉटल व ढाबों में भी झोंकी जा रही जंगल की लकड़ी

जलावन की आड़ में जंगलों से काटे जा रहे हरे-भरे पेड़ों की लकड़ी वनांचल ईलाकों में संचालित हॉटल व ढाबों में सुलगने वाली भट्टियों में भी बड़ी मात्रा में झोंकी जा रही है। हॉटल व ढाबों में ईंधन के रूप में मुख्य रूप से लकड़ी ही उपयोग में लाई जाती है जिसकी पूर्ति जलावन बेंचने वाले वनवासी ही करते हैं और वे यह जलावन कहां से तथा कैसे लाते हैं यह जांच का विषय है।

# नवीन को मिली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की कमान

## समर्थको में हर्ष, नियुक्ति पर श्री जायसवाल ने जताया पार्टी के प्रति आभार

- कांग्रेस पार्टी को करना होगा एकजुट व मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लम्बे इंतजार और लगातार चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आखिरकार छत्तीसगढ़ के जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी कर दी है।

जारी सूची में कबीरधाम जिले में जिला कांग्रेस कमेटी की कमान युवा और ऊर्जावान नेता नवीन जायसवाल को सौंपी गई है। नवीन जायसवाल वर्तमान में पंडरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं, और संगठनात्मक क्षमता, युवाओं में पकड़ व सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के आधार पर उन्हें जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जायसवाल की नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि युवा नेतृत्व मिलने से जिले में कांग्रेस को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार चुनौतियों का सामना कर रही कांग्रेस के लिए युवा नेताओं को आगे बढ़ाना भविष्य की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यहां उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए करीब दर्जनभर से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दावेदारी पेश की थी। केवल कबीरधाम ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर इसी तरह की स्थिति थी। कई जिलों में दावेदारों की संख्या अधिक होने से चयन प्रक्रिया में समय लगा और संगठन को विभिन्न स्तरों पर मंथन करना पड़ा। यही वजह रही कि सूची जारी होने में विलंब हुआ, लेकिन अंततः पार्टी ने देर आए दुरुस्त आए की भावना के साथ अपने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पूरी कर ली है।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस हाईकमान और राज्य नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी का क्षण है। पार्टी ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। मेरा लक्ष्य होगा कि जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आमजन तक पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को पहुंचाते हुए संगठन को नई मजबूती प्रदान की जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विपक्ष की भूमिका में पार्टी की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में जिला कांग्रेस कमेटी अपने सदस्यों के साथ मिलकर जनसमस्याओं को उठाने, सरकार की नीतियों पर रचनात्मक सवाल रखने और संगठन विस्तार पर विशेष ध्यान देगी। जायसवाल ने कहा कि वे जिले में सामूहिक नेतृत्व और समन्वय की नीति को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में कांग्रेस की उपस्थिति को सशक्त बनाने के लिए कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष के रूप में नवीन जायसवाल की नियुक्ति को कांग्रेस कार्यकर्ता जिले में नई शुरुआत के रूप में देख रहे हैं। पार्टी के आंतरिक संगठन को सक्रिय बनाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दृष्टि से इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नवनियुक्त अध्यक्ष के सामने कई चुनौतियां

यहां बताना लाजिमी होगा कि देश व प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में भी विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सामने कई बड़ी चुनौतियां है। जिसमें सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को संगठित करना है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में कांग्रेस पार्टी में वो कसावट व एक जुटता नहीं दिखाई दे रही है जो एक विपक्ष में दिखनी चाहिए। यही वजह है कि यहां विपक्ष कमजोर साबित हो रहा है। हालांकि कांग्रेस के नेता अपनी-अपनी ढपली और अपने-अपने राग की तर्ज पर समय बे समय पर जनहित से जुड़े मुद्दे उठाते रहते हैं लेकिन एक सटीक और निर्णायक नेतृत्व के आभाव में न तो इसका लाभ लोगों को मिल पा रहा है और न ही पार्टी को। ऐसे में अब नव नियुक्त अध्यक्ष के सामने इस तरह की कमियों को दूर करना और पार्टी को संगठित कर एक सूत्र में बांधना बड़ी चुनौती है।

### खबर संक्षेप

#### मौसम साफ होने के बाद ठंड मार रही फिर जोर

**कवर्धा।** हाल के दिनो में बनते बिगड़ते मौसम के बीच आसमान में छाई बदली के चलते लगभग गायब सी हो चुकी ठंड अब मौसम के साफ होने के बाद एक बार फिर जोर मार रही है और लोगों को एक फिर से कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि मौसम के साफ होने के बाद जिले के वनांचल ईलाकों में हड्डी गला देने वाली कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खास कर जिले के बोड़ला, चिल्फी, रेंगाखार जंगल, तरेगांव जंगल, सिंघनपुरी जंगल सहित विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में ठंड का खासा असर देखने को मिल रहा है और लोगों को ठंड से बचने के लिए अलावा का सहारा लेना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में ठंड का असर और अधिक बढ़ सकता है।

# जिले में एलबी संवर्ग के ग्यारह व्याख्याता प्राचार्य बने, संघर्ष का सार्थक परिणामः संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के अनुसार जिले में एल. बी. संवर्ग के ग्यारह व्याख्याताओं को प्राचार्य पद में पदोन्नति का लाभ मिला है। यह पहला अवसर है, जब शिक्षा कर्मी वर्ग-एक के रूप में नियुक्त व्याख्याताओं को पदोन्नति का अवसर प्राप्त हुआ है।

यह उपलब्धि शिक्षाकर्मियों के मातृसंघ छत्तीसगढ़ शिक्षा कर्मी संघ, छत्तीसगढ़ पंचायत नगरीय निकाय शिक्षक संघ व छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सत्ताईस वर्षों की दीर्घकालिक संघर्ष के बाद मिला है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी पदोन्नत व्याख्याता ओम प्रकाश वर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, अरुणाभ झा, दिनेश शर्मा, देवराज सिंह उइके, अनिल महोबे, नसीमुद्दीन कुरैशी, वीरेंद्र ठाकुर, रामकुमार साहू, अशोक गुप्ता व सलमा कुरैशी को बधाई दिया है। इसी तारतम्य में एसोसिएशन की टीम ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोना पहुंचकर एसोसिएशन के जिला संयोजक व एलबी संवर्ग से पदोन्नत प्राचार्य रविन्द्र चन्द्रवंशी को बधाई दिया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, मार्कण्डेय साहू, राजकिरण चन्द्रवंशी आदि ने विश्वास व्यक्त किया है कि ई व ई-एलबी संवर्ग के सभी पदोन्नत प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में जिले के शैक्षिक गुणवत्ता में वृध्दि होगा।

## चॉइस सेंटर संचालक से 20 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के एक चॉइस सेंटर में ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने दुकान संचालक से करीब 20 हजार रुपए का ऑनलाइन पेमेंट करवाया और मौके पर नगद भुगतान किए बिना ही फरार हो गए। दुकानदार ने तत्काल पीछा किया और आरोपी को लगभग 500 मीटर तक दौड़ाया, लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पीड़ित दुकानदार ने घटना की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# प्राचार्य पद पर पदोन्नत जोध्या राम बंजारे ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए जोध्या राम बंजारे को प्रभारी प्राचार्य हरिनारायण पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ भेट कर, मुंह मीठा कराकर प्राचार्य का पदभार ग्रहण कराया। श्री बंजारे जनवरी 1989 में सहायक शिक्षक के पद भर्ती हुए , वर्ष 2008 में शिक्षक पद पदोन्नत हुए , वर्ष 2011 में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत होकर वर्ष 2012 से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रवेली के प्रधान पाठक के पद पर निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राचार्य के पद पर पदोन्नत होकर शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। निश्चित रूप से उनके 37 वर्षों के निरंतर सेवा से प्राप्त शैक्षणिक अनुभव का विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों को फायदे होंगे पदभार ग्रहण के अवसर पर उपस्थित समस्त शिक्षक, शिक्षिका और ऑफिस स्टाफ ने तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर प्राचार्य को उनके नए दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के एलबी संवर्ग के 11 व्याख्याताओं को पदोन्नत किया गया है। जिसमें ओम प्रकाश वर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, अरुणाभ झा, दिनेश शर्मा, देवराज सिंह उइके, अनिल महोबे, नसीमुद्दीन कुरैशी, वीरेंद्र ठाकुर, रामकुमार साहू, अशोक गुप्ता व सलमा कुरैशी आदि भी शामिल है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर कवर्धा में त्रिदिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स डे 2025-26 का मुख्य समारोह 29 नवम्बर को अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। 27 से 29 नवम्बर तक आयोजित इस खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि निखिल अग्रवाल, डीएफओ, वन विभाग कवर्धा रहे। कार्यक्रम में डायरेक्टर आशीष कुमार अभिषेक अग्रवाल एवं प्रिंसिपल ग्रेसिया ऐन फीग्रेड की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत रेखा द्वारा किया गया। इसके बाद शिवाजी (रेड), टैगोर (येलो), अशोक (ब्लू) एवं रतन टाटा हाउस के हाउस कैप्टेन्स, हेड बॉय, हेड गर्ल एवं स्कूल बैंड ने गरिमापूर्ण एस्कॉर्ट करते हुए मुख्य अतिथि को मंच तक पहुंचाया। मंच पर सभी अतिथियों को पौधा एवं बैच भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसके उपरांत फ्लैग अनफ्लोरिंग सम्पन्न हुआ। टॉर्च लाइटिंग में हेड बॉय द्वारा प्रज्वलित मशाल को खिलाड़ियों की श्रृंखला ने पूरे मैदान में ले जाकर खेल भावना का संदेश दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा डिक्लेरेशन ऑफ स्पोर्ट्स मीटका वाचन किया गया और शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाया गया। हेड बॉय ने टीमवर्क, अनुशासन और समानता पर आधारित स्पोर्ट्स ओथ दिलाई। चारों हाउस द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। इस वर्ष प्रथम स्थान टैगोर हाउस (येलो), द्वितीय अशोक हाउस (ब्लू) और तृतीय शिवाजी हाउस (रेड) ने प्राप्त किया। इसकी तैयारी शिक्षिका विभा, शैली और शिक्षक गोपेश्वर के मार्गदर्शन में की गई। पीपी 2 के नन्हे-मुन्नों ने भी मनमोहक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसकी तैयारी ज्योति मैडम एवं टीम ने कराई। कक्षा 3-5 के विद्यार्थियों ने शिक्षिका दुर्गा के निर्देशन में वेलकम डांस, जबकि कक्षा 6-8 के विद्यार्थियों ने ऊर्जावान एरोबिक डांस से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि, डायरेक्टर एवं अभिषेक अग्रवाल ने बच्चों को प्रेरक संबोधन दिया।



### एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण



**कवर्धा।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को धरमपुरा, बोड़ला एवं राम्हेपुर क्षेत्रों में मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर सत्यापन, प्रगणन फॉर्म कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए बीएलओ टीमों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने का महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए प्रत्येक बीएलओ इसे गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध रूप से पूरा करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित क्षेत्रों में व्यवस्थित कार्य विभाजन कर बीएलओ सुबह और शाम के समय घर-घर जाकर फॉर्म भरवाएं, ताकि फॉर्म संग्रहण में तेजी आए और बार-बार जाने की आवश्यकता न पड़े। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को आगामी दो दिनों के भीतर लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। मैदानी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने विभिन्न टीमों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और तत्काल समाधान के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग सुबह-शाम घर पर उपलब्ध रहते हैं, इसलिए उसी समय संपर्क कर फॉर्म संग्रहण की रफ्तार बढ़ाई जाए। इस अवसर पर एसडीएम चेतन साहू, सागर सिंह, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी जीएस शर्मा, तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, राजश्री पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**सड़कों में बेतरतीब निर्माण सामग्री से आवागमन हो रहा प्रभावित, दुर्घटना की भी संभावना**

# नगर में व्यवस्था को ताक में रखकर कराए जा रहे निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।

नगर में इन दिनों बड़ी संख्या में सरकारी तथा गैर सरकारी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जो नगर के दिनभर आमदरफ्त वाले गली मोहल्लों से लेकर बजार क्षेत्रों में जारी हैं। बावजूद इसके संबंधित निर्माण एजेंसियों एवं लोगों द्वारा इन निर्माण कार्यो को इतने गैरजिम्मदारी तथा बेतरतीब ढंग से मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिससे कार्य क्षेत्र वाले मार्गो में आवागमन व्यवस्था बुरी तरफ न सिर्फ प्रभावित हो रहा है बल्कि दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। सार्वधिक कोताही निर्माण कार्य के लिए उपयोगी निर्माण सामग्री के रखरखाव को लेकर बरती जा रही है। स्थिति ये है कि निर्माण सामग्री में शामिल रेत, गिट्टी, ईंट, सरिया आदि को जहां चाहे वहां डंप करा दिया जाता है। यहां तक की मार्गो के किनारे कराए जा रहे निर्माण कार्यो की सामग्री तो मार्ग में ही उड़ेल दी जाती है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभवित हो रहा है वहीं दुर्घटना की भी भरपूर संभावनाएं निर्मित हो रही है। नगर में इस तरह की घोर लापरवाही व मनमानी जहां तहां देखने को मिल रही है। जिससे लोगों को मार्ग से अपने वाहनों को निकालने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सड़क में बिखरी पड़ी रेत से दोपहिया वाहनों को निकालना बेहद खतरनाक और टेढ़ी खीर है। रेत में अक्सर दोपहिया वाहन और विशेष रूप से छोटे चक्के वाले स्कूटी जैसे वाहन स्लिप होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। यही हाल नगर के बाजार क्षेत्र का भी है यहां भी बड़ी संख्या में निजी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। जो संबंधित विभाग की अनदेखी तथा कार्यवाही के आभाव में बेहद ही गैरजिम्मेदाराना तथा बेतरतीब ढंग से अंजाम दिए जा रहे हैं।

### अव्यवस्था के विरूद्ध नहीं की जा रही कार्यवाही

हैरानी की बात यह है कि सीधे तौर पर नगर की व्यवस्था को चौपट करने वाले इन कार्यो पर संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे लोगों के हौसले बुलंद है और वे व्यवस्था को ताक में रखने कोई गुरैज नहीं कर रहे हैं। जबकि इस तरह की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ निर्माण सामग्री जप्ती की कार्यवाही से लेकर अन्य कार्यवाही के भी प्रावधान हैं लेकिन ढुर्भाग्य का विषय है लोगों की परेशानियों और संभावित दुर्घटनाओं को नजर अंदाज कर संबंधित विभाग आंख में पट्टी बांधे हुए हैं। इस पर न तो नगर पालिका प्रशासन कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही यातायात विभाग इसकी सुध ले रहा है।

# धान खरीदी के संबंध में किसानों के लिए शासन का एग्रीस्टेक पोर्टल में महत्वपूर्ण प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धान खरीदी के संबंध में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान शासन द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में किया गया है। जिसके तहत एग्रीस्टेक में पंजीकृत सभी किसानों के ऐसे खसरे जो एकीकृत किसान पोर्टल से कैरी फॉरवर्ड होने के बाद एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की फॉर्मर आईडी में लिंक नहीं हो पाए हैं, ऐसे खसरों को अब लिंक करने का प्रावधान किया गया है। इसे किसान स्वयं अपनी एग्रीस्टेक फॉर्मर आईडी में लॉगिन कर अथवा अपनी समितियों में जाकर अपडेट करवा सकते हैं। ऐसे खसरों की पहचान कर समितिवार सूची बनाई गई है, तथा उसे समितियों के बाहर चस्पा किया गया है। ऐसे सभी खसरे किसानों की एग्रीस्टेक फॉर्मर आईडी से लिंक किए जाएंगे, ताकि किसानों को धान बेचने में असुविधा न हो। यह प्रक्रिया लगातार चलेगी, इसकी कोई अंतिम तिथि नहीं है। किसान इसके लिए स्वयं एग्रीस्टेक आईडी में लॉगिन कर के छूटे खसरे लिंक कर सकते हैं। इसके अलावा समितियों में जाकर भी अपनी फॉर्मर आईडी में छूटे हुए खसरों का मिलान कर उसे एग्रीस्टेक पोर्टल में लिंक करवा सकते हैं। इसके लिए समितियों में बने किसान सहायता केंद्र में सुबह 09 से शाम 05 बजे तक जाकर किसान वहां के ऑपरेटर अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### कोई अंतिम तिथि नहीं, निरंतर होगा अपडेशन

खाद्य अधिकारी ने बताया कि कबीरधाम जिले पंजीकृत किसानों के ऐसे 34 हजार 566 खसरे हैं जो एकीकृत किसान पोर्टल से कैरी फॉरवर्ड हो गए हैं, किन्तु किसी कारणवश किसानों के एग्री स्टेक फॉर्मर आईडी में लिंक नहीं दिख रहे हैं। इन्हें किसान स्वयं अथवा समिति में जाकर लिंक कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके लिए कोई समय सीमा या अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है, अपडेशन की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। ताकि इन पंजीकृत किसानों को धान बेचने में आसानी हो। किसानों की सुविधा के लिए स्पष्ट किया जाता है कि यह एकीकृत किसान पोर्टल के तहसील और समिति लॉगिन के अंतर्गत 30 नवंबर तक चल रहे नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन से अलग है। यह पहले से पंजीकृत किसानों के एग्रीस्टेक फॉर्मर आईडी में उनके सभी कैरी फॉरवर्ड खसरों को लिंक करने की प्रक्रिया है।